# पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंगों का जलाभिषेक

## हिंदू महासभा के सावन मेले में काशी विश्वनाथ के पंडितों ने कराया पूजन





**भोपाल, 26 जुलाई . राजधानी भोपाल में सावन माह में प्रतिदिन धार्मिक के साथ ही सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं. सावन उत्सव मनाया जा रहा है. सावन मेले आयोजित किए जा रहे हैं.**

शनिवार को अखिल भारत हिंदू महासभा मध्य प्रदेश के द्वारा कलचुरि भवन में आयोजित सावन मेला के पहले दिन पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंगों का काशी विश्वनाथ से आए पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ नौ पवित्र नदियों के जल से जलाभिषेक किया गया. 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति बहुत ही मनमोहक हैं जिनके दर्शन मात्र से आए हुए समस्त श्रद्धालु भाव विभोर हुए. मेले में बच्चों के लिए विविध स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई गई थी. चार दिवसीय सावन मेला को सफल बनाने में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे के मार्गदर्शन में सह संगठन मंत्री गौरव शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता प्रमेश विनोदिया, कोषाध्यक्ष शांतनु महोरकर, जिला उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, कार्यकारी विधि अध्यक्ष राकेश मिश्रा, भोपाल संभाग प्रवक्ता विजय कुमार चंद्रा, मीडिया प्रभारी दीपक विश्वकर्मा, सुनंदा का विशेष योगदान रहा.

### कांवड़ यात्रा भोपाल रवाना



सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा नर्मदापुरम से भोपाल पैदल बाबा बटेश्वर कांवड़ यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक आयोजित गई है. शनिवार सुबह 8 बजे नर्मदापुरम में माँ नर्मदा की पूजन, महाआरती और चुनरी ओढ़ाकर यात्रा प्रारंभ हुई. अध्यक्ष चेतन भार्गव की अगुवाई में 700 से अधिक कावड़िये यात्रा में शामिल हुए हैं. समिति के प्रकाश मालवीय ने बताया कि यात्रा 28 जुलाई तीसरे सोमवार को भोपाल के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री बड़वाले महादेव मंदिर पहुंचेगी और यहां पर भोलेनाथ का नर्मदा जल से अभिषेक किया जाएगा.

### मनाया सावन उत्सव



क्वीन्स ऑफ भोपाल कल्चुरियन क्लब ने शनिवार को सावन उत्सव मनाया. उत्सव में सावन क्वीन, ग्रीन ड्रेस, मेहंदी प्रतियोगिता हुई. इसके साथ रैम्प वॉक तथा कई गेम्स भी खेले गए. मुख्य अतिथि महापौर मालती राय थीं. प्रतियोगिता की जज रश्मि अग्रवाल और सीमा थीं. कार्यक्रम का संचालन सुषमा राय और नीलम वर्मा ने किया. सदस्य अर्चना आर्य, मधु चौकसे, ज्योति जायसवाल, सुषमा मालवीय, शर्मिला मालवीय, सरोज राय, ज्योति आर्य और रेनू मालवीय ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया.



# सिंधी समाज की महिलाओं ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन

**भोपाल, 26 जुलाई.** सिंधी मेला समिति द्वारा सिंधी व्यंजन की परंपरा को बरकरार रखने के उद्देश्य से शनिवार को राजधानी भोपाल में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. राजधानी के 12 सेंटरों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 12 साल की बालिका से 80 साल तक की बुजुर्ग महिला ने हिस्सा लिया.

संत कवरराम कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, विजय नगर, सुविधा विहार, कोटरा सुल्तानाबाद, एयरो सिटी, ग्रीन एकड़ में एक साथ शुरु हुआ, जिसमें सिंधी समाज की 400 से अधिक महिलाओं ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया. इस महिलाओं ने विशेष रूप से सिंधी व्यंजन तैयार किए थे, जिनमें बीह पटाटा, साई भाजी, सेयल मानी, खोराक, सिंगर जी मिठाई आदि शामिल है. इस अवसर पर सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दयरानी ने कहा कि सिंध प्रांत में बनने वाले व्यंजनों को देखकर सिंध की यादें ताजा हो गई. इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में चयनित हुई महिलाओं को 2 अगस्त को मानस भवन में आयोजित मुख्य समारोह में बेस्ट कुकिंग अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा.

> **सिंधी मेला समिति ने 12 सेंटरों पर आयोजित की कुकिंग स्पर्धा**

## एक नजर में

### सीएम डॉ. यादव कल करेंगे प्रदर्शनी का शुभारंभ



**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू हो रहा है. विधानसभा सदस्यों के अवलोकन के लिए विधानसभा के सेंट्रल हॉल एवं फोर लेन मुक्ताकाशी परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलताओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी वीर भारत न्यास द्वारा लगाई जाएगी. प्रदर्शनी का शुभारंभ 28 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा किया जायेगा.




### 102 विद्यार्थियों की आंखों, दांतों की जांच हुई


**भोपाल.** सेवा भारती एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राजभवन माध्यमिक विद्यालय, मालवीय नगर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया. शिविर का उद्घघाटन सेवानिवृत न्यायाधीश शिवमंगल सिंह (अध्यक्ष, सेवा भारती महानगर ) ने किया. उन्होंने शासकीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण आहार, नेत्र, दंत रोग एवं स्वच्छता पर चिंता जाहिर करते हुए अभिभावकों और बच्चों को जागरूक रहने का आह्वान किया. स्कूल में 102 बच्चों, जिनमें 46 छात्र एवं 56 छात्राओं के नेत्र एवं दंत परीक्षण कर आवश्यक दवा वितरित की गई. सभी बच्चों एवं स्टॉफ को प्रोटीन पावडर के डिब्बे और स्वच्छता किट भी रेडक्रॉस की ओर से दी गई. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि आगे भी सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे. इस कार्यक्रम में डॉ पी सी व्यास, डॉ रामअवतार यादव, वार्ड डॉ पलक जैन, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ सत्येंद्र बघेल, हेमलता अनीता एवं स्कूल के सभी शिक्षको ने मेडिकल टीम का सम्मान भी किया.

## बाजार में रौनक — राजधानी में सज रहीं रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें

# बाजार में 10 से लेकर 400 रुपये तक की राखियां उपलब्ध

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 26 जुलाई. सावन महीने के आते ही मंदिरों में भीड़ जमा होने लगती है, वहीं दूसरी तरफ भाई बहन के प्रेम और रक्षा का पर्व भी नजदीक आते बाजारों की रौनक बढ़ रही है. शहर भर में रक्षाबंधन के महीने भर पहले से राखी की दुकानें सज चुकी हैं.**



टी टी नगर स्थित न्यू मार्केट में हर तरफ राखी की रंग-बिरंगी दुकानें सज चुकी हैं तो बाजार में कपड़े और मिठाइयों की दुकानों में भी रौनक बढ़ गई है. कारीगर **शकीर** बताते हैं कि दुकानों में स्टोन से बनी राखियों की डिमांड ज्यादा है, इसके साथ डायमंड नग, क्रिस्टल मोती और रुद्राक्ष से बनी राखियों की बिक्री भी अधिक हो रही है. उन्होंने बताया लगभग एक से डेढ़ महीने पहले से हम लोग अपनी राखियों को तैयार करके दुकानों में भेजना शुरू कर देते हैं, जिससे एक महीने पहले ही राखी की दुकानें बाजारों में सज जाती हैं.



हालांकि, फिलहाल शहर में लगातार बारिश के कारण अभी ग्राहक कम आ रहे हैं. दुकानदार हिमांश जोगी बताते हैं कि बारिश से बाजार में ग्राहकी पर थोड़ा असर तो पड़ रहा. उन्होंने बताया इस बार एडिशनल डायमंड, धागे की राखियों के साथ भैया भाभी की राखियों की खूब चांदी है. इसके साथ ही लिया पैटर्न की लम्बे वाली राखियां भी खूब चलन में है. बाजार में 10 रुपये से 400 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं. ग्राहक ज्यादातर स्टोन और डायमंड वाली राखियों की खरीदारी कर रहे हैं. और जोड़े में सबसे ज्यादा भैया भाभी की लइया पैटर्न की राखियों की बिक्री हो रही है.

### त्यौहार की विशेषता

हिंदू धर्म में रक्षाबंधन का अत्यधिक महत्व होता है. बहन और भाई के प्रेम को समर्पित यह पर्व भाई और बहन के प्रेम, सौहार्द और जीवन रक्षा का पर्व माना जाता है इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा का सूत्र यानी राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र, खुशहाली की मनोकामना करती हैं. जिसके बाद भाई अपनी बहन को उसकी रक्षा का वचन देता है. इस दिन की धार्मिक मान्यता और पौराणिक कथाओं के अनुसार स्वंय देवी-देवता भी रक्षाबंधन मनाते हैं.

### रक्षाबंधन का विशेष मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन मनाया जाता है. और इस साल पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त की दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 1 बजकर 21 मिनट पर समाप्त हो जाएगी. पंडित नित्यानंद बताते हैं कि हिन्दू धर्म में सभी त्योहारों की शुरुआत उदया तिथि के अनुसार मानी जाती है और इसलिए इस बार रक्षा बंधन का पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा. इसी दिन बहनें भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधेंगी और अपनी रक्षा का वचन लेते हुए भाइयों की लम्बी उम्र की कामना करेंगी.

## डिस्प्ले क्लासीफाइड























